TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**23 जुलाई 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार


यदि कोई युवा मातृभूमि का सेवा नहीं करता

है, तो उसका जीवन व्यर्थ है।

**चन्द्रशेखर आजाद**

**( क्रांतिकारी )**

**जन्म : 23 जुलाई 1906 मृत्यु : 27 फरवरी 1931**




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


## मधु प्रिया

# चंद्रशेखर आजाद जयंती 23 जुलाई



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं लोकप्रिय स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ। आजाद का जन्मस्थान भाबरा अब 'आजादनगर' के रूप में जाना जाता है। उनके पिता का नाम पंडित सीताराम तिवारी एवं माता का नाम जगदानी देवी था। उनके पिता ईमानदार, स्वाभिमानी, साहसी और वचन के पक्के थे। यही गुण चंद्रशेखर को अपने पिता से विरासत में मिले थे।इन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो आज़ाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए।चंद्रशेखर को 'आजाद' नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, 'मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है'। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे।आजाद ने ताउम्र अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार नहीं होने का अपना वादा पूरा किया। वे 27 फरवरी 1931 के दिन अंग्रेजों के साथ लड़ते हुए अपना नाम हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज कर लिया।उन्होंने संकल्प किया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने 27 फरवरी, 1931 को स्वयं को गोली मारकर मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति दे दी।

# जयंती विशेष 23 जुलाई




**बाल गंगाधर तिलक** *Bal Gangadhar Tilak*, जन्म- 23 जुलाई, 1856, रत्नागिरी, महाराष्ट्र; मृत्यु- 1 अगस्त, 1920, मुंबई) विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और उग्र राष्ट्रवादी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की नींव रखने में सहायता की। उन्होंने 'इंडियन होमरूल लीग' की स्थापना सन् 1914 ई. में की और इसके अध्यक्ष रहे तथा सन् 1916 में मुहम्मद अली जिन्ना के साथ लखनऊ समझौता किया, जिसमें आज़ादी के लिए संघर्ष में हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रावधान था।




# मेंस एशियन
# चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी विजेता

| साल | विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|
| 2011 | भारत | पाकिस्तान |
| 2012 | पाकिस्तान | भारत |
| 2013 | पाकिस्तान | जापान |
| 2016 | भारत | पाकिस्तान |
| 2018 | भारत और<br>पाकिस्तान (संयुक्त विजेता) | - |
| 2021 | दक्षिण कोरिया | जापान |
| 2023 | भारत | मलेशिया |
| 2024 | भारत | चीन |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.07.2025


## संश्लेषणात्मक और विश्लेषणात्मक

संश्लेषणात्मक और विश्लेषणात्मक दो अलग-अलग प्रकार की सोच और विधियाँ हैं। संश्लेषणात्मक विधि में, हम चीजों को एक साथ जोड़कर एक संपूर्ण तस्वीर बनाते हैं, जबकि विश्लेषणात्मक विधि में, हम किसी समस्या या विचार को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करके उसका अध्ययन करते हैं।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




यह खूबसूरत नज़ारा स्विट्ज़रलैंड का नहीं, बल्कि भारत के सिक्किम में स्थित यूमथांग वैली का है, जिसे "भारत का स्विट्ज़रलैंड" कहा जाता है। यह घाटी 11,800 फीट की ऊंचाई पर बसी है और यहां 24 से ज़्यादा रंग-बिरंगे फूलों की प्रजातियां मिलती हैं। बर्फ से ढकी चोटियाँ और हॉट स्प्रिंग्स इसे और भी खास बनाते हैं।


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"
सारा जीवन सपाट,समतल मैदान है,
जिसमे कहीं कहीं  गड्ढे तो है पर टीलों,
पर्वतो,घने जंगलों, गहरी घाटियों और
खंडहरों का स्थान नहीं है।
मुंशी प्रेमचंद
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Radio
23 जुलाई
राष्ट्रीय प्रसारण दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं।
बहुजनहिताय बहुजनसुखाय
आकाशवाणी
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मैं आजाद था, आजाद हूं और
आजाद ही रहूंगा।
चन्द्रशेखर आजाद
जन्म-23 जुलाई 1906
मृत्यु-27 फरवरी 1931
जयंती पर सादर नमन।
www. teachersofbihar.org
Madhu priya



'लोकमान्य' की उपाधि से अलंकृत, स्वतंत्रता सेनानी

# बाल गंगाधर तिलक

की जयंती पर सादर नमन।

**23 जुलाई 1856 - 1 अगस्त 1920**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya